दिनांक : 11.02.2026 समय : 07.10PM

## आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार:**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने कनाडा में हुई गोलीबारी पर जताया दुख; पीड़ित परिवारों के प्रति व्यक्त की संवेदना
- संसद में बजट पर चर्चा जारी ; सत्ता पक्ष ने इसे 'नए भारत का प्रतिबिंब' बताया, तो विपक्ष ने सुधारों की मांग की।
- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव** का बड़ा फैसला–उज्जैन और दतिया जैसे पवित्र तीर्थ स्थलों पर शराबबंदी लागू होगी ।
- भोपाल में कल 'परियोजना प्रबंधन प्रणाली 2.0' का होगा शुभारंभ ।

प्रधानमंत्री कनाडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा में हुई भीषण गोलीबारी पर गहरा दुख व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्री मोदी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश कनाडा के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है।

**लोकसभा - केंद्रीय बजट**

लोकसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 पर चर्चा पुनः शुरू हो गई है। **वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार देश में मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करने पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि श्रम प्रधान क्षेत्रों, विशेष रूप से लघु एवं मध्यम उद्यमों- एमएसएमई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।** चर्चा में भाग लेते हुए, लोक जन शक्ति पार्टी-आर के अरुण भारती ने केंद्रीय बजट को राष्ट्र के विकास का बजट बताया। **शिवसेना के श्रीकांत शिंदे ने बजट को नए भारत का प्रतिबिंब बताते हुए कहा कि इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर ध्यान केंद्रित किया गया है।**

**राज्यसभा - केंद्रीय बजट**

राज्यसभा में भी केंद्रीय बजट 2026-27 पर चर्चा पुनः शुरू हो गई है। आईयूएमएल के हारिस बीरन ने आरोप लगाया कि बजट में किसानों और मछुआरों के लिए कुछ भी नहीं है। भाजपा के अशोक चव्हाण ने कहा कि बजट युवाओं पर केंद्रित है और महिलाओं, किसानों, उद्यमियों, गरीबों, वंचितों तथा समाज के सभी वर्गों को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि यह बजट पूरे देश के लिए है। **कांग्रेस के राजीव शुक्ला ने आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट में कुछ भी ठोस नहीं है। उन्होंने पूरक या संशोधित बजट जारी करने की मांग की क्योंकि अमरीका के साथ समझौता बजट पेश होने के बाद घोषित किया गया था।**

मुख्यमंत्री उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को गति देते हुए एक हजार एक सौ तैंतीस करोड़ रुपये की 'हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना' का भूमिपूजन किया। यह परियोजना वर्ष 2055 तक नगर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी। मुख्यमंत्री ने उज्जैन, ओरछा और दतिया सहित प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर शराबबंदी लागू करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया।

साथ ही, मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्रों को लैपटॉप और 'प्रोजेक्ट संवर्धन' के जरिए मातृ-शिशु स्वास्थ्य के लिए नई डिजिटल पहल की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार विकास और आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

श्री महाकाल वन मेले

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में छह दिवसीय 'श्री महाकाल वन मेले' का शुभारंभ किया। दशहरा मैदान में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक होली रंगों और विशेष महाकाल स्मृति उपहारों का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की समृद्ध वन संपदा और पारंपरिक औषधियां ग्रामीण आजीविका का मुख्य आधार हैं। मेले में लगाए गए ढाई सौ से अधिक स्टॉल्स के माध्यम से वनवासियों के उत्पादों को सीधे बाजार से जोड़ा जा रहा है।

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज अगरतला में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ एक महत्वपूर्ण जन-संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास से संबंधित कानूनी प्रावधानों पर चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र सरकार त्रिपुरा के गांवों को गरीबी मुक्त और रोजगार युक्त बनाने के लिए संकल्पित है। श्री चौहान ने जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'लखपति दीदी' जैसी योजनाओं के माध्यम से त्रिपुरा की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने त्रिपुरा की जनता से मिले अपार स्नेह के लिए आभार भी व्यक्त किया।

किरेन रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर सदन में राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता के रूप में श्री गांधी का यह दायित्व है कि वे सदन की मर्यादा बनाए रखें।

*स्पीकर बहुत आहत हैं। स्पीकर साहब के चेंबर में जाकर के बुरा-भला कहा। राहुल गांधी जी कहते हैं कि किसी का परमिशन नही चाहिए उसको बोलने के लिए। रूल के बिना बोलेंगे। सदन में बोलने के किए जब तक चेयर से परमिशन नही होता है, सदस्य नही बोल सकते हैं। प्रधानमंत्री भी चेयर के परमिशन से ही बोलेंगे यह कोई तरीका होता है क्या।*

प्रधानमंत्री असम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को असम के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान, श्री मोदी, कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी गुवाहाटी और उत्तरी गुवाहाटी को जोड़ने वाले ब्रह्मपुत्र नदी पर बने **कुमार भास्करवर्मन** सेतु का भी उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे गुवाहाटी स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान के अस्थायी परिसर का उद्घाटन करेंगे और केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित, एक सौ इलेक्ट्रिक बसें राज्य को सौंपेंगे।

कार्यशाला

निर्माण कार्यों को नई ऊंचाई देने के लिए कल भोपाल के रवीन्द्र भवन में राज्य स्तरीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2,000 इंजीनियरों को संबोधित करेंगे और उन्नत 'परियोजना प्रबंधन प्रणाली 2.0' का शुभारंभ करेंगे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि इस दौरान आईआईटी मुंबई और केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं के साथ एमओयू किए जाएंगे, ताकि प्रदेश में सड़क और भवनों का निर्माण आधुनिक और अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के साथ हो सके।

## समाचार संक्षिप्त में

- जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने बताया है कि सांवेर विधानसभा की 110 ग्राम पंचायतों में एक हजार करोड से भी ज्यादा राशि के विकास कार्य हो गए हैं ।
- एम्स भोपाल ने नीलबड़ में दवाओं से होने वाली प्रतिकूल घटना की जानकारी देने और उसे रिपोर्ट करने की प्रक्रिया के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- छिंदवाड़ा के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में अरज साहित्यकार विष्णु खरे पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।
- जबलपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञानियों द्वारा विकसित की गई करीब 15 नई किस्मों का अब राष्ट्रीय स्तर के लिए परीक्षण किया जाएगा।
- शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल में कल युवतियों के लिए से जिला स्तरीय मेगा कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।
- शहडोल जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए क्षीरधारा ग्राम योजना पर के लिए जिले के 82 गांव का चयन किया गया है।
- नर्मदापुरम जिले में राष्ट्रीय कृमि नाशक दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।